
# 'निर्गुण निधि' कबीरी निर्गुण उत्सव : रपट

# राष्ट्रीय संगोष्ठी



विषय :

## 'राम नाम के पटतरे : निर्गुण दुनिया की संरचना'

दिनांक : 08.12.2023

**प्रायोजक : संत कबीर अकादमी, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश**

आयोजक : हिन्दी विभाग एवं आई. क्यू. ए. सी.
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा, उत्तर प्रदेश

## संरक्षक मण्डल : शासन

- श्री मुकेश कुमार मेश्राम (आई.ए.एस.), प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश
- श्री शिशिर (आई.ए.एस.), निदेशक, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश
- श्री राकेश चंद्र शर्मा (आई.ए.एस.), विशेष सचिव, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं निदेशक, संत कबीर अकादमी
- श्री आशुतोष द्विवेदी 'उपमन्यु', सलाहकार, संत कबीर अकादमी

### संरक्षक मंडल : विश्वविद्यालय-महाविद्यालय

- प्रो. प्रतिभा गोयल, कुलपति, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या
- श्रीमती नेहा शर्मा (आई.ए.एस.) अध्यक्ष, प्रबंध समिति एवं जिलाधिकारी, गोण्डा
- वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष, प्रबंध समिति
- श्री उमेश शाह, सचिव, प्रबंध समिति

**संयोजक अध्यक्ष :** प्रो. रवीन्द्र कुमार, प्राचार्य, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा
**कार्यक्रम-संयोजक :** प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र
**आयोजन सचिव :** प्रो. जयशंकर तिवारी
**सह संयोजक :** श्री अच्युत शुक्ला

# रपट :

संत कबीर अकादमी, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश और हिंदी विभाग तथा आई.क्यू.ए.सी., श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा, उ.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में 'निर्गुण निधि' कबीरी निर्गुण उत्सव एवं प्रतियोगिता के अंतर्गत दिनांक 08 दिसंबर 2023 को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी. 'अनहद नाद' गायन, 'प्रेम मगन ह्वै नाचु' नृत्य, 'पोथी-पोथी पढ़ि जग मुआ' नाट्य प्रस्तुति संपन्न हुई.

दिनांक 06 एवं 07 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में 11 बजे पूर्वाह्न से 12 बजे मध्याह्न के मध्य महात्मा कबीर के जीवन पर आधारित देवीपाटन मंडल स्तरीय अंतर-महाविद्यालयी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई. उक्त प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया. इन प्रतिभागियों में आचार्य नरेंद्र देव किसान पी.जी. कॉलेज बभनान, गोंडा के बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी आशीष कुमार शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अभिषेक शुक्ला और आचार्य नरेंद्र देव किसान पी.जी. कॉलेज बभनान, गोंडा के बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी आशुतोष मिश्र ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया. महारानी लाल कुँवरि पी.जी. कॉलेज बलरामपुर के एम.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी अतुल मिश्र और श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के बी. ए. तृतीय सेमेस्टर की विद्यार्थी शक्ति पाण्डेय ने सांत्वना पुरस्कार के लिए स्थान प्राप्त किया.
प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल का दायित्व प्रो. जे. बी. पाल, अर्थशास्त्र विभाग, श्री अच्युत शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, हिंदी विभाग, पूजा यादव, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, मनोविज्ञान विभाग, डॉ. रचना श्रीवास्तव, समाजशास्त्र विभाग और डॉ. मुक्ता टंडन, अतिथि प्रवक्ता, हिंदी विभाग ने संभाला. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र सिंह के द्वारा की गई.

तदनंतर उक्त दिवस को ही 12:30 बजे अपराह्न से अपने जीवन सत्य पर आधारित 'मैं कहता आँखिन देखी' विषयक निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया. इन प्रतिभागियों में आचार्य नरेंद्र देव किसान पी.जी. कॉलेज बभनान, गोंडा के बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी आशीष कुमार शुक्ला ने प्रथम और महारानी लाल कुँवरि पी.जी. कॉलेज बलरामपुर के एम.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी अतुल मिश्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी सूरज तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के एम.ए. प्रथम सेमेस्टर, हिंदी के

विद्यार्थी जीतेशकांत पाण्डेय, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की विद्यार्थी दीप्ति और बी.ए. पंचम सेमेस्टर के देवेश पाण्डेय ने सांत्वना पुरस्कार हेतु स्थान प्राप्त किया.

निबंध लेखन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. मंशाराम वर्मा, संस्कृत विभाग, श्री पवन कुमार सिंह, हिंदी विभाग, डॉ. हरीश कुमार शुक्ल, शिक्षाशास्त्र विभाग और डॉ. वंदना भारतीय ने अपने दायित्व का निर्वाह किया. प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा आयोजन सचिव प्रो. जय शंकर तिवारी द्वारा की गई.

दिनांक 07 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में 11 बजे पूर्वाह्न 'संत कबीर के विचारों से दुनिया बदली जा सकती है' विषयक मंडल स्तरीय अंतरमहाविद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता प्रारंभ हुई. प्रतियोगिता में अलग-अलग शिक्षण संस्थानों के कुल 14 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की, जिसमें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के बी.एस-सी. पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी विपिन यादव ने प्रथम और श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की विद्यार्थी शक्ति पाण्डेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. महारानी लाल कुँवरि पी.जी. कॉलेज बलरामपुर के एम.ए. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अतुल मिश्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. एम.एस.आई.टी.एम. के बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा समृद्धि सिंह और श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी विवेक कुमार गुप्ता ने सांत्वना हेतु स्थान प्राप्त किया.

प्रतियोगिता के निर्णायक का दायित्व-निर्वाह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. डी. के. गुप्त, का. सु. साकेत महाविद्यालय में जंतु विज्ञान के सह आचार्य डॉ. अरविन्द शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार श्री जानकी शरण द्विवेदी ने किया. प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा महाविद्यालय के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. रंजन शर्मा ने की.

दिनांक 08 दिसंबर 2023 को प्रतिभागी प्राध्यापकों, शोध छात्रों, परास्नातक विद्यार्थियों के पंजीकरण के उपरांत 10:30 बजे पूर्वाह्न "राम नाम के पटतरे : निर्गुण दुनिया की संरचना" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ. उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. हरिशंकर मिश्र, सेवानिवृत्त आचार्य, हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, विशिष्ट अतिथिद्वय श्री विचार दास साहेब, कबीर निर्वाण स्थली मगहर, संत कबीर नगर और डॉ. सूर्यपाल सिंह, से. नि. प्राचार्य, डिग्री कॉलेज भटौली बाज़ार, गोरखपुर रहे. संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों के माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं

छात्राओं की वाणी वंदना से हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि विद्वानों का स्वागत बैज अलंकरण, स्मृति चिह्न व अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

भक्ति साहित्य के प्रख्यात विद्वान व लखनऊ विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. हरिशंकर मिश्र ने कहा कि मध्य काल के अन्धकारमय युग में अज्ञानता, रुढियां, भेदभाव जैसी विसंगतियों व सामाजिक कट्टरता से समाज को मुक्ति दिलाने के लिए कबीर ने प्रेम सद्भाव, एकता और मानवता का संदेश देकर घट घट अविनाशी ब्रह्म की उपासना का निर्गुण भक्ति का अप्रतिम प्रकाश दिया। कबीर का संदेश युगों तक प्रासंगिक रहेगा।

संत कबीर अकादमी, संस्कृति विभाग उ. प्र. एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय कबीर निर्गुणी उत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'रामनाम के पटतरे- निर्गुण दुनिया की संरचना' विषय पर सम्बोधित करते हुए प्रो. मिश्र ने कहा कि कबीर ने सत्य को अनुभव की कसौटी पर कस कर सामाजिक सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश दिया। संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता पूर्व प्राचार्य एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार साहित्य भूषण डॉ. सूर्यपाल सिंह ने कहा कि निर्गुण व सगुण दोनो ही भक्ति क्षेत्र की उपासना पद्धति है। सगुण की सीमा निर्धारित है जबकि निर्गुण असीम है। भक्ति में ब्रह्म के प्रति सर्वव्यापकता निराकार का मौन भाव जहां निर्गुण तत्व हैं वहीं ब्रह्म के प्रति भाव को शब्द-रूप-वाणी में व्यक्त होते ही वह साकार रूप ले लेता है। महात्मा कबीर को ब्रह्म को व्यक्त करने के लिए लिए बार बार राम नाम का आश्रय लेना पडा और राम को दशरथ का पुत्र न मानकर जग का अविनाशी तत्व कहकर स्पष्टीकरण देना पड़ा।

संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए संगोष्ठी के संयोजक, कॉलेज के शोध निदेशक व हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि भारत की वाचिक परम्परा में कबीर ने समाज की विसंगतियों पर करारा प्रहार करते हुए निर्गुण जैसी सरल व सर्वसुलभ उपासना पद्धति दिया। उन्होंने जड़-चेतन में ब्रह्म का दर्शन कर समाज को मानवता का संदेश दिया। शोध केन्द्र कबीर के निर्गुण राम को तुलसी के सगुण राम में समन्वय स्थापित कर समाज में सौहार्द का संदेश देने के लिए कृत संकल्पित है। संगोष्ठी के आयोजन सचिव प्राध्यापक प्रो. जयशंकर तिवारी ने संगोष्ठी का संचालन किया. अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने विद्वानों के विचार से सहमति व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को कबीर के दर्शन से प्रेरणा लेने की बात कही. उन्होंने कहा कि अपनी जीवन शैली बनाने और समतामूलक समाज की संरचना में कबीर के जीवन दर्शन की महत्ता अपरिमेय है। संगोष्ठी का समाहार करते हुए भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र सिंह ने सबके प्रति आभार ज्ञापित किया.

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE, GONDA
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा
AN AFFILIATED COLLEGE OF DR RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA,(U.P)

द्वितीय सत्र में कबीरी निर्गुण महोत्सव के अंतर्गत शास्त्री कॉलेज द्वारा महात्मा कबीर दास के जीवन दर्शन पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत, नृत्य व नाटक ने ललिता शास्त्री सभागार में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। लोक कलाकार पुष्कर बाबू के लेखन व निर्देशन में आयोजित नाटक 'पोथी पढि पढि जग मुआ' को देखकर दर्शक जहां भाव-विभोर हुए, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कबीर निर्वाण स्थली मगहर के मठाधीश सद्गुरु विचार साहेब ने कलाकार व संगीत मंडली को आशीर्वाद दिया। वनस्पति विज्ञानं की सहा. आचार्य डॉ. रेखा शर्मा के निर्देशन में 'अनहद नाद' सांगीतिक कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं की एकल व समूह भाव नृत्य पर लोग वाह वाह कर उठे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में कालेज की छात्रा ख़ुशी गुप्ता, ऋषभ भारती, ख़ुशी सिंह एवं महविश मेराज के भाव नृत्य ने सभी को अभिभूत कर दिया, वहीँ जया श्रीवास्तव के निर्गुण भजन 'चदरिया झीनी रे झीनी', मनीष चंद्र दूबे, अमन तिवारी, अतुल कुमार दूबे, आदर्श पाण्डेय के 'भंवरवा के तोहरा संग जाई' गायन एवं सौम्या पाण्डेय, पूजा मिश्रा, आँचल तिवारी, आकांक्षा सिंह के कबीर-रहीम संवाद ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. 'पोथी पढि पढि जग मुआ' नाट्य प्रस्तुति में संत कबीर का किरदार राहुल वाजपेयी ने और सर्वानन्द का किरदार पुष्कर बाबू ने निभाया. अनूपा यादव ने सर्वानंद की माँ के रूप में दर्शकों का दिल जीत लिया.

प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने कलाकारों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर उनके सुखद जीवन एवं स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामना व्यक्त किया।



**कार्यक्रम के छायाचित्र**

















# छायाचित्र :


संत कबीर अकादमी, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा, उ०प्र०
'निर्गुण निधि' (कबीरी निर्गुण उत्सव एवं प्रतियोगिता)

**संत कबीर अकादमी, संस्कृति विभाग उ.प्र. एवं हिंदी विभाग तथा आइ.क़्यू.ए.सी.**

**श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा, उ.प्र. के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित**

# ‘निर्गुण निधि’ (कबीरी निर्गुण उत्सव एवं प्रतियोगिता)

(स्थान : ललिता शास्त्री सभागार, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा, उ.प्र.)

दिनांक : 08 दिसंबर 2023

के अंतर्गत कार्यक्रम शृंखला

## राम नाम के पटतरे : निर्गुण दुनिया की संरचना

विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

(प्रतिभागियों की सूची)

1. प्रो. वी.सी.एच.एन.के. श्रीनिवास राव
2. प्रो. जय शंकर तिवारी
3. प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्रा
4. डॉ. वन्दना भारतीय
5. प्रो. राजीव कुमार अग्रवाल
6. डॉ. रंजन शर्मा
7. प्रो. संदीप कुमार श्रीवास्तव
8. प्रो. संजय कुमार पाण्डेय
9. डॉ. विवेक कुमार खरे
10. श्री मनीष शर्मा
11. श्री अच्युत शुक्ला
12. डॉ. मनीषा पॉल
13. डॉ. अरुण प्रताप सिंह
14. डॉ. अमित कुमार शुक्ला
15. डॉ. संजय कुमार
16. डॉ. रेखा शर्मा
17. डॉ. पूजा यादव
18. डॉ. ममता शुक्ला
19. प्रो. एस.के. श्रीवास्तव
20. डॉ. शिशिर त्रिपाठी
21. प्रो. आर.बी.एस. बघेल
22. प्रो. मंशाराम वर्मा
23. प्रो. ए.के.सिंह
24. प्रो. जितेन्द्र सिंह
25. डॉ. डी.एन. पाण्डेय
26. डॉ. रामिन्त पटेल

27. प्रो. राम समुझ सिंह
28. डॉ. अजीत कुमार मिश्रा
29. प्रो. अमन चन्द्रा
30. डॉ. नीतू सक्सेना
31. डॉ. पुष्यमित्र मिश्र
32. प्रो. विजय कुमार अग्रवाल
33. डॉ. शैलजा सिंह
34. डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह
35. डॉ. पल्लवी
36. डॉ. मनोज कुमार मिश्रा
37. डॉ. रचना श्रीवास्तव
38. श्री मनीष मोदनवाल
39. प्रो. शशिबाला
40. डॉ. रवि प्रकाश ओझा
41. डॉ. अवधेश कुमार वर्मा
42. डॉ. हरीश शुक्ला
43. डॉ. रीता पाण्डेय
44. डॉ. नीलिमा सिंह
45. डॉ. दीप्ति रंजन बिसारिया
46. डॉ. अमित वर्मा
47. डॉ. अंकित मौर्या
48. श्री सुरेन्द्र कुमार तिवारी
49. श्री आलोक कुमार मिश्रा
50. श्री शोभित मौर्या
51. श्री सुमित कुमार तिवारी
52. कु. दीप्ति गुप्ता
53. श्री योगेन्द्र नाथ श्रीवास्तव
54. कु. नेहा
55. श्री मनोज कुरील
56. श्री श्रवण कुमार
57. कु. दुर्गेश्वरी
58. कु. रजिया खातून
59. कु. पलक श्रीवास्तव
60. कु. सौम्या सिंह
61. श्री युगल सिंह
62. कु. विभा तिवारी
63. कु. नेहा पाण्डेय
64. कु. रोली तिवारी
65. कु. साधना द्विवेदी
66. कु. शिवांगी तिवारी
67. कु. निकिता श्रीवास्तव
68. कु. पूनम
69. कु. काजल ओझा
70. प्रो. बी.पी. सिंह
71. श्री शिवनाथ दीक्षित
72. श्री मोहित तिवारी
73. श्री अंकित तिवारी
74. कु. दीप्ति
75. कु. जना परवीन
76. श्री जितेश कान्त पाण्डेय
77. श्री आदर्श शुक्ला
78. श्री आशीष कुमार शुक्ला
79. श्री आशुतोष मिश्रा
80. श्री अतुल मिश्रा

81. कु. रीमा शुक्ला
82. कु. निधि सिंह
83. कु. कंचन देवी
84. कु. प्रतीक्षा पाण्डेय
85. श्री अभिषेक शुक्ला
86. श्री अखिलेश कुमार
87. श्री आलोक शुक्ला
88. अनम सिद्दकी
89. आँचल पाण्डेय
90. श्री अंकित
91. अशराह मेराज
92. श्री आशुतोष मिश्रा
93. कु. आयुषी सिंह
94. श्री बजरंग लाल यादव
95. कु. दीपिका पाण्डेय
96. कु. दिपाली सिंह
97. कु. गरिमा सिंह
98. श्री गिरजा शंकर तिवारी
99. कु. ममता
100. कु. ममता तिवारी
101. श्री नानबाबू मिश्रा
102. कु. निधि शुक्ला
103. श्री नितिन श्रीवास्तव
104. श्री प्रशान्त सिंह
105. श्री राजा मिश्रा
106. श्री राजीव कुमार पाण्डेय
107. श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा
108. श्री सक्षम मिश्रा
109. कु. समर फातिमा
110. कु. सौम्या सिंह
111. कु. शिफा खान
112. श्री सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी
113. श्री वैभव सोनी
114. श्री विकास कुमार मिश्रा
115. कु. अंजली
116. श्री दीपक कुमार पाण्डे
117. श्री शशिकान्त तिवारी
118. कु. रजनी सिंह
119. कु. जागृति सिंह
120. कु. रेणु मिश्रा
121. कु. कविता द्विवेदी
122. कु. खुशबू यादव
123. कु. दीप्ति
124. कु. अंजली मिश्रा
125. श्री रवि तिवारी
126. श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव
127. श्री मोनू वर्मा
128. श्री योगेश पाण्डेय
129. श्री सर्वेश कुमार शुक्ला
130. श्री ओंकारनाथ मिश्रा
131. श्री ज्ञानेश कुमार वर्मा